

**ब्रेक का फायदा उठाएगी टीम**

टीम ब्रेक का फायदा उठाएगी और फिर से अपने फैंस के चेहरे पर खुशी लाएगी काशी विश्वनाथन ने ऐसा विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि खेल में बुरा और अच्छा दोनों दिन होते हैं, लेकिन मैं विश्वास दिला सकता हूं कि टीम मजबूती से बाउंस बैक करेगी और अपने फैंस के चेहरे पर खुशी लाएगी।

## रैना की वापसी होगी या नहीं, सीएसके फ्रेंचाइजी ने कर दिया साफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2020 की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। पहले मैच में जीत के बाद ये टीम लगातार दो मुकाबले गवां चुकी है और टीम की कई कमियां सामने आई है साथ ही इस टीम को सुरेश रैना की कमी साफ तौर पर खल रही है। वहीं टीम के खराब प्रदर्शन के बाद सीएसके के फैंस सुरेश रैना की वापसी की बात कर रहे हैं, लेकिन सीएसके फ्रेचाइजी के सीईओ कासी विश्वनाथन ने चिन्ना थाला यानी रैना की वापसी की बात को सिरे से खारिज कर दिया है। पंजाब के बाद दिल्ली के खिलाफ भी टीम को हार मिली और इसके बाद कप्तान एम एस धौनी ने खुद माना कि टीम की बल्लेबाजी व गेंदबाजी दोनों में ही कमी है जिस पर काम करने की जरूरत है। वहीं कासी विश्वनाथ ने कहा कि फ्रेंचाइजी सुरेश रैना की निजी लाइफ का सम्मान करती है और किसी भी स्थिति में उन्हें टीम में वापस आने के लिए नहीं कहेगी। उन्होंने कहा कि, देखिए हम रैना की वापसी की तरफ नहीं देख रहे हैं क्योंकि उन्होंने खुद को टीम के लिए उपलब्ध नहीं बताया है और हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं।

# धोनी ने कई बार लगाई है नैया पार इसी वजह से उठ रहे है सवाल

**क्रिकेट**

## लगातार दो मैचों में चेन्नै की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पाईः भोगले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। चेन्नै सुपर किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 3 विकेट पर 175 बनाए लेकिन जवाब में चेन्नै सुपर किंग्स ने सात विकेट पर 131 रन बनाए। आईपीएल के इस सीजन में कप्तान टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर रहे हैं। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि अभी तक हुए सात में से छह मैचों में पहले में बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। क्रिकेट कॉमेंटेटर हर्षा भोगले ने कहा कि लगातार दो मैचों में चेन्नै की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई है। दिल्ली के खिलाफ हार के बारे में हर्षा ने कहा कि चेन्नै कभी टारगेट का पीछा करती हुई नजर ही नहीं आई। टीम ने पूरे मैच में जज्बा नहीं दिखाया। भोगले ने यह भी कहा कि कोई




दूसरी टीम होती तो इतने सवाल नहीं पूछे जाते। चेन्नै के बारे में इसलिए यह सब सवाल उठ रहे हैं क्योंकि उनके पास महेंद्र सिंह धोनी है। धोनी कई बार इतिहास में टीम को मुश्किल हालात से निकालते लाए हैं और इसी वजह से अगर चेन्नै स्कोर हासिल नहीं कर पा रही है तो सवाल उठने लाजमी हैं। साइमन डूल ने भी इसी बातचीत में कहा कि चेन्नै के कई खिलाड़ी कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेलते हैं और इसका असर नजर आ रहा है। उन्होंने वॉटसन का उदाहरण दिया जो साल में सिर्फ कुछ ही टूर्नामेंट खेलते हैं। डूल ने यह भी कहा कि टीम को सुरेश रैना और अंबाती रायुडू की कमी भी खली। रैना इस बार आईपीएल में नहीं खेल रहे हैं और रायुडू चोट के कारण इस मैच का हिस्सा नहीं थे।

### चेन्नै सुपर किंग्स को मिलेगी राहत, अगले मैच में लौट आएंगे रायुडू

दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में चेन्नै सुपर किंग्स को लगातार दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत हासिल करने के बाद टीम को राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार मिली। टीम दोनों मौकों पर लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। दिल्ली के खिलाफ हार के बाद कप्तान धोनी ने भी माना कि टीम को एक बल्लेबाज की कमी खल रही है। हालांकि अगले मैच से धोनी को राहत मिल सकती है। टीम के स्टार बल्लेबाज अंबाती रायुडू चोट अगले मैच में वापसी कर सकते हैं। धोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के बाद बताया कि टॉप ऑर्डर में तेज शुरुआत न मिलने से बाद में रनगति का दबाव काफी बढ़ जाता है। धोनी ने हालांकि कहा कि अगले मैच में अंबाती रायुडू के आ जाने से टीम के संतुलन में सुधार होगा।

## हार के बाद बोले सीएसके के कोच फ्लेमिंग-हम अभी 'थोड़े अव्यवस्थित' हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती तीन मैचों में से दो में हार का सामना करने के बाद चेन्नै सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने माना कि उनकी टीम अभी 'थोड़ी अव्यवस्थित' है और उन्हें टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए स्पष्ट रणनीति की आवश्यकता है।

फ्लेमिंग ने कहा कि कुछ प्रमुख खिलाड़ी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे जिसके कारण टीम संयोजन प्रभावित हुआ। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शुक्रवार को 44 रन से मैच गंवाने के बाद उन्होंने कहा, 'हम इस समय थोड़े अव्यवस्थित हैं। हमें कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खल रही है और हम ऐसा संतुलन



बनाने की कोशिश कर रहे हैं जिससे हम प्रतिस्पर्धी हो सकें। हम यहां की पिचों के मुताबिक खिलाड़ी लेना चाह रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'यहां हर विकेट दूसरे से काफी अलग है और हमारी बल्लेबाजी में अंबाती रायुडू, (सुरेश) रैना और कुछ खिलाड़ी नहीं है। हम खिलाड़ियों का उपयोग करने को लेकर एक तरीका या एक कॉम्बिनेशन खोजने की कोशिश कर रहे हैं। हमने तीन दिनों में काफी कुछ सीखा है।'

तीन बार की चौम्पियन टीम के कोच से जब सैम करन या रविन्द्र जडेजा को दिल्ली के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजे जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि टीम इससे पहले दो मैचों में इस योजना को आजमा चुकी थी। फ्लेमिंग ने कहा, 'हमारे पास बल्लेबाजी में कई विकल्प है इसलिए हम थोड़े अव्यवस्थित है। इसलिए हमें स्पष्ट योजना की जरूरत है। हमें शीर्ष क्रम से अच्छी शुरुआत या बड़ी पारी नहीं मिल पा रही है।'

## पंजाब के किंग्स की राजस्थान के रॉयल्स से भिड़ंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में संजू सैमसन अपनी स्वप्निल फॉर्म जारी रखना चाहेंगे, जबकि जोस बटलर की मौजूदगी से राजस्थान रॉयल्स की टीम को और मजबूती मिलेगी। मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज करने के बाद किंग्स इलेवन पंजाब और राजस्थान रॉयल्स दोनों इस विजयी लय को जारी रखना चाहेंगी। दोनों के बीच सर्वाधिक छक्के जड़ने की भी प्रतिस्पर्धा होगी। किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल ने रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ 97 रन की जीत के दौरान महज 69 गेंद में सात छक्के की मदद से 132 रन की नाबाद पारी खेलकर रेकॉर्ड बनाया था। इस पारी के दौरान उन्हें हालांकि विपक्षी टीम के कप्तान विराट कोहली से कैच छूटने से दो बार जीवनदान मिला था। 28 वर्षीय राहुल ने आईपीएल इतिहास में भारतीय खिलाड़ी के सर्वाधिक स्कोर का रेकॉर्ड बनाया और वह उस मैदान पर इसी फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे, जिसकी बाउंड्री सभी ओर से छोटी हैं।

## न्यूज डायरी



### ये बल्लेबाज बरसा रहा दनादन रन, केएल राहुल से छिनी ऑरेंज कैप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें एडिशन के सात मुकाबले खेले जा चुके हैं। अब तक के सीजन में बल्लेबाजों का ही बोलबाला देखने को मिला है। लगभग हर मैच में अर्धशतक लगे हैं और किंग्स इलेवन के पंजाब कप्तान केएल राहुल टूर्नामेंट में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। इस वक्त सबसे ज्यादा रन बनाने वालों कि लिस्ट में राहुल दूसरे जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के फाफ डु प्लेसिस पहले स्थान पर हैं। चेन्नई की टीम ने भले ही पिछले दो मुकाबलों में अच्छा खेल ना दिखाया हो लेकिन टीम का एक बल्लेबाज है जिसने दनादन रन बरसाए हैं। मिडिल आर्डर बल्लेबाज डु प्लेसिस ने अब तक तीनों ही मुकाबले में अच्छी बल्लेबाजी की है और चेन्नई ही नहीं बल्कि इस वक्त टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और ऑरेंज कैप पर कब्जा जमा रखा है।

### हैदराबाद की टीम से जुड़ने यूएई पहुंचे जेसन होल्डर, अभी क्वारंटाइन में रहेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पहले वेस्टइंडीज के टेस्ट कप्तान जेसन होल्डर सनराइजर्स हैदराबाद टीम में शामिल होने के लिए यूएई पहुंच गए हैं। उन्हें टीम में चोटिल मिशेल मार्श की जगह शामिल किया गया है। हालांकि, वह आज का मैच नहीं खेल पाएंगे। कोरोना वायरस गाइडलाइंस के अनुसार छह दिनों तक क्वारंटाइन में रहना और इस दौरान उनकी तीन कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट नेगेटिव आनी चाहिए। इसके बाद ही वह टीम के ट्रेनिंग कर पाएंगे। कोरोना के लेकर आइपीएल की गाइडलाइंस के अनुसार यूएई पहुंचने के बाद टीम के खिलाड़ियों को और कोरोना का तीन बार टेस्ट करना होगा। एक बार तीनों टेस्ट नेगेटिव आने पर खिलाड़ी अपने साथियों के साथ संयुक्त अरब अमीरात में ट्रेनिंग शुरू कर सकते हैं।

### ओपनिंग पार्टनरशिप से टीम को आत्मविश्वास मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स को 44 रनों से हराने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बल्लेबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैच में बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की और जिस तरह से उन्होंने शुरुआत की और पारी को समाप्त किया, उससे टीम को आत्मविश्वास मिला। साथ ही उन्होंने कैगिसो रबादा और एनरिच नॉर्टजे का तारीफ की। मैच के बाद अय्यर ने कहा कि मैं वास्तव में टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। टीम की बैठक में, हमने फैसला किया कि हम बल्लेबाजी की परिस्थितियों का जल्द आकलन करेंगे और फिर उसके अनुसार खेलेंगे। जिस तरह से सलामी बल्लेबाजों ने शुरुआत की उससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला और हमने अच्छी तरह से अंत भी किया। मैं भाग्यशाली हूं कि टीम में कैगिसो रबादा और नॉर्टजे हैं। एक टीम के रूप में एकजुट रहना महत्वपूर्ण है और हमें एक दूसरे की सफलता का आनंद लेने की जरूरत है।

### सहवाग बोले- दिल्ली मेट्रो ने चेन्नै एक्सप्रेस का धुआं निकाल दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंदर सहवाग ने दिल्ली कैपिटल्स से हार के बाद चेन्नै सुपर किंग्स की टीम पर तंज कसा है। सहवाग को लगता है कि चेन्नै के बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग के इस सीजन में अभी तक खुलकर नहीं खेल पा रहे हैं। इस पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज ने ट्विटर पर चेन्नै को ग्लूकोज लेने की सलाह दी तो वहीं अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शुक्रवार को खेले गए इस मैच का बॉलिवुड स्टाइल में तड़का लगाकर विश्लेषण भी पेश किया है। सहवाग ने ट्विटर पर लिखा है कि अपने खेल को बढ़ाने के लिए चेन्नै के खिलाड़ियों को ग्लूकोजश लगाकर अपने अगले मैच में उतरना चाहिए। सहवाग ने ट्वीट किया, श्चेन्नै के बल्लेबाज लय ही नहीं हासिल कर पा रहे हैं। ग्लूकोज चढ़वा के आना अगले मैच में बैटिंग करने।